# किसानों के सत्यापन को तीन दिन में करें पूर्ण : मित्तल

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में विभागों के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में समयसीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर मित्तल ने निर्देश दिए कि माइक्रो प्लानिंग के माध्यम से सभी पात्र बच्चों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से कार्य कर अभियान को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर मित्तल ने कहा कि सभी किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे गेहूं सत्यापन कार्य की नियमित समीक्षा करें और तीन दिन के भीतर सत्यापन का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि इस सत्र में गेहूं उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। साथ ही सभी एसडीएम को उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य की अनुभागवार समीक्षा करते हुए प्रगणक और पर्यवेक्षक की शीघ्र नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य पूर्णत: डिजिटल होगा, इसलिए ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति की जाए जो मोबाइल फ्रेंडली हों, क्योंकि एक बार नियुक्ति के बाद उन्हें बदला नहीं जा सकेगा।



कलेक्टर मित्तल ने ई-विकास पोर्टल, फॉर्मर रजिस्ट्री, मकान सूचीकरण कार्य तथा वन ग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर कोई भी आवेदन लंबित न रहे और कार्यों में तेजी लाई जाए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में आयोजित होने वाले शिविरों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी जिला अधिकारी अपनी-अपनी स्टॉल लगाकर प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी पैरामीटर्स की समीक्षा करते हुए झिरन्या में कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही झिरन्या और भगवानपुरा में शौचालयों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए गए।

बैठक में हिट एंड रन प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। वहीं लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत समयसीमा से लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई प्रकरण किसी भी स्तर के अधिकारी के पास लंबित पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा समयसीमा में निराकरण नहीं होने पर पेनल्टी भी लगाई जाए। सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा में कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देश दिए कि कोई भी पेंशन प्रकरण लंबित न रहे तथा पेंशन पोर्टल पर असफल भुगतान की स्थिति समाप्त की जाए।

### जमीन आवंटन के लंबित प्रकरणों की भी की समीक्षा

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद सीईओ को कार्ययोजना तैयार कर नए कार्यों पर फोकस करने के निर्देश दिए गए। जल शक्ति संचय पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक जल संरक्षण से संबंधित कार्यों की योजना बनाकर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समस्त बीएमओ को निर्देशित किया कि टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा इसकी पोर्टल पर एंट्री भी की जाए। बैठक में कलेक्टर मित्तल ने सीएमएचओ और एसी ट्राइबल से संबंधित समयसीमा प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, सहायक कलेक्टर जामदार फरहान इरफान, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्ट प्रताप कुमार आगास्या, अनिल जैन, लोकेश छापरे, समस्त एसडीएम सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।

## एक नजर में

### आदिवासी परिवार ने पेश की मिसाल, पगड़ी रस्म में 'भोज' के साथ 'अन्न दान' और 'पौधा दान' की नई राह



**महेश्वर, निप्र।** समाज में रूढ़िवादिता को पीछे छोड़ते हुए और जनजातीय परंपराओं को सेवा कार्य से जोड़ते हुए महेश्वर की राधाकुंज कॉलोनी के एक शिक्षित आदिवासी परिवार ने मानवता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण पेश किया है। सेवानिवृत्त शिक्षिका स्व. शांता बुन्देला के निधन के बाद आयोजित ग्यारहवें के कार्यक्रम में उनके परिवार ने मृत्यु भोज के साथ-साथ अन्न दान किया और स्मृति स्वरूप मेहमानों को पौधे वितरित किए।

**बेटे की कमी को किया पूरा, बेटी-दामाद ने निभाई अंतिम रस्में :-** 75 वर्षीय शिक्षिका शांता बुन्देला का निधन 27 फरवरी 2026 (एकादशी) को हुआ था। उनके कोई पुत्र न होने पर उनकी बेटी प्रियंका बुन्देला (शिक्षिका) और दामाद दिनेश ब्राह्मणे (कृषि विस्तार अधिकारी) ने परंपराओं को तोड़ते हुए बेटे का उत्तरदायित्व निभाया। अंतिम संस्कार से लेकर ग्यारहवें की पगड़ी रस्म तक के सभी कार्य बेटी-दामाद ने पूर्ण कर समाज को नई दिशा दिखाई।

**'एक पेड़ माँ के नाम' : पगड़ी रस्म में बांटी 'हरियाली' :-** इस अवसर पर आयोजित भोज के साथ ही परिवार ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत स्वयं पौधरोपण किया। इसके पश्चात शोक सभा और भोज में शामिल होने आए सभी रिश्तेदारों व मेहमानों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे भेंट किए गए। कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश ब्राह्मणे ने मेहमानों से इन पौधों को रोपित कर उनके वृक्ष बनने तक देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया।

**समाज के लिए प्रेरणा बना आयोजन :-** आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपराओं को निभाते हुए इस शिक्षित परिवार की पहल की महेश्वर क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि मृत्यु भोज जैसे आयोजनों को अन्न दान और पर्यावरण सेवा से जोड़कर इस परिवार ने समाज के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**'मां के संस्कारों को सेवा से जोड़ना ही सच्ची श्रद्धांजलि' :-** 'हमारी मां स्वयं एक शिक्षिका थीं, जिन्होंने हमेशा समाज और परिवार को शिक्षित करने का कार्य किया। उनके ग्यारहवें पर हमने अन्न दान कर सेवा की भावना और पौधे बांटकर प्रकृति के संरक्षण का प्रयास किया है।'

### सिद्धक्षेत्र पावागिरी ऊन में रंगपंचमी पर होने वाले 3 दिवसीय प्रतिवर्ष धार्मिक मेले का समापन



**सनावद, निप्र।** रंगपंचमी के अवसर पर पावागिरी ऊन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 3 दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक रंगों की बौछार हुई। प्रचार मंत्री आशीष जैन, सन्मति जैन काका एवं ने बताया कि रविवार को सुबह नित्य अभिषेक पूजन शांति धारा के पश्चात सहस्त्र कूट जिनालय में प्रतिमाएं विराजमान करना प्रारंभ हुआ। क्षेत्र पर विराजमान आचार्य कुमुदनंदी जी, आचार्य विपणत सागर जी एवं अरिहंत कीर्ति भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी के सानिध्य में दोपहर की धर्मसभा का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन श्रीमती सुधा महेंद्र जैन सनावद ने के द्वारा किया गया।वही मंगलाचरण श्रद्धा अरुण धनोते ने प्रस्तुत किया। आचार्य संघ का पाद प्रक्षालन चिमनकुमार तिलोकचंद जैन खंडवा ने किया , वही शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य पंकज कुमार कुसुमचंद जटाले बेड़ियां द्वारा 2 साधुओं को एवं मीना नीता जैन सेगाव ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पावागिरी ऊन में निवासरत साधु संतों की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाली एवं दान द्वारा सहयोग प्रदान करने वाली बाल ब्रह्मचारिणी ऊषा दीदी ऊन का ट्रस्ट कमेटी द्वारा सम्मान किया गया। ट्रस्ट महामंत्री अशोक झांझरी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में क्षेत्र की प्रगति के बारे में विस्तार से बात रखी । जबकि शांतिनाथ भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अविनाशकुमार निर्मलचंद जैन सनावद द्वितीय अभिषेक प्रेमचंद धनोते हेड साहब परिवार एवं प्रवीण कुमार प्रेमचंदजैन खंडवा को प्राप्त हुआ इसी क्रम में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य अशोक झरी , ब्रह्मचारी ऊषा दीदी ऊन, हेमचंद झांझरी ने प्राप्त किया । आचार्य श्री विप्रणत सागर जी ने अपने उद्बोधन में क्षेत्र के बारे में भजन के माध्यम से अपनी बात रखी, आप बड़े सौभाग्यशाली है कि रंग पंचमी पर आप सभी पंच परमेष्ठि के पांच रंगों में रंगे हुए हैं, आपको धर्म करने का मौका मिला है ।महावीर मंदिर से पहाड़ी मंदिर तक रथयात्रा निकाली गई। शांतिनाथ, कुंथुनाथ व अरहनाथ की प्रतिमाओं एवं स्वर्णभद्रादि चार मुनिराजों की प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक हुआ विशाल श्री जी की शोभायात्रा तलहटी मंदिर से पंच पहाड़ी तक बैंड बाजों के साथ भजन गाते हुए निकली , पालकी में भगवान विराजमान कर शोभायात्रा के पश्चात पहाड़ी मंदिर पर श्री जी का मस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालक क्षेत्र ट्रस्टी मनीष दोषी ने किया। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष हेमचंद झांझरी , हंसमुख गांधी, अतुल जैन,सुधीर चौधरी, अरूण धनोते, संजय बडुद, कमलेश मंडलोई, सुनील भाई ठेकेदार ,विनोद जैन ,चिंतामन जी जैन,मनीष जैन,गुलाब राव जी मंडलोई, श्रीकांत जैन, महेश शाह,आदि का योगदान सराहनीय रहा ।इस अवसर पर इंदौर, बड़वाह सनावद,खंडवा, भीकनगांव,बेड़ियां,खरगौन, लोनारा, बामदी, कसरावद, महेश्वर, मंडलेश्वर,मनावर , बड़वानी, सहित अनेक शहरों से समाजजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**खरगोन, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़वाह में महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने कहा कि किसी भी महिला का सशक्तिकरण तभी पूर्ण माना जा सकता है जब वह आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का अत्याचार सहन नहीं करना चाहिए और उसकी शिकायत अवश्य दर्ज करानी चाहिए। यदि थाना स्तर पर शिकायत दर्ज नहीं की जाती है, तो संबंधित महिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया जा सकता है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर महिला सीधे न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर सकती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आर्थिक कठिनाई न्याय प्राप्ति में बाधा नहीं बन सकती, क्योंकि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से महिलाओं को नि:शुल्क कानूनी परामर्श, अधिवक्ता शुल्क एवं न्यायालयीन कार्यवाही हेतु आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही एसिड अटैक पीड़िताओं एवं मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी भी दी गई।



# महिलाओं के अधिकार और सम्मान से ही होगा प्रगतिशील समाज का निर्माण

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, खरगोन में प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष गतिविधि आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं महाविद्यालय की महिला सशक्तिकरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता तथा समाज में महिलाओं की भूमिका पर सार्थक विमर्श किया गया। संगोष्ठी में प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में चित्र प्रदर्शनी, वीडियो प्रस्तुति, प्रश्न-उत्तर सत्र तथा 'प्रिविलेज वॉक' जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक स्थिति, अवसरों की समानता और अधिकारों के महत्व को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से डॉ. अवधेश कुमार सिंह, ललित कुशवाह, मेघा एवं किरण ने सहभागिता करते हुए महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. वंदना बर्वे, डॉ. सावित्री भगोरे, प्रो. ऐश्वर्या दिलावर, प्रो. अंबिका बिरले, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. गणेश पाटिल, प्रो. संजय कोचक सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा एक समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

# उत्साह, उमंग और हर्षोउल्लास से मनाई रंग पंचमी

**बिस्टान, निप्र।** नगर सहित क्षेत्रभर में रविवार को रंग पंचमी का पर्व उत्साह उमंग व हर्षोउल्लास से मनाया। सुबह से ही नगर का माहौल रंगों से सराबोर नजर आया। युवाओं की टोलिया नगर की गलियों व चौराहों पर एकत्रित होकर एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाते दिखाई दी। अधिकांश लोगों ने सूखे रंग गुलाल से ही होली खेली। एक दूसरे को रंग लगाने के साथ माथे पर तिलक लगाकर आपसी प्रेम भाईचारे व सदभाव का संदेश दिया। दिन भर नगर के विभिन्न स्थानों पर युवाओं की टोलियां ढोल ताशा की धुन पर नाचते गाते हुए। गुलाल उड़ाते नजर आए।



# आर्यिका आगममती माताजी ने निर्जल आठ उपवास कर ग्रहण किया आहार

**सनावद, निप्र।** संत निवास में विराजमान पूज्य आर्यिका आगममती माता जी ने अष्टान्हिका महापर्व में निर्जल उपवास किये। नवमें दिन नवधा भक्ति पूर्वक आहार ग्रहण किया। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि पूज्य आर्यिका जी ने उपवास के अन्तर्गत आठ दिनों तक अन्न जल रसादि का त्याग कर उपवास किये । कसरावद से आये अविनाश व निधि जैन तथा पवन जैन एवं ज्योति जैन ने आहार कराया। आर्यिका जी पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर महाराज द्वारा दीक्षित है तथा पैदल विहार कर धर्म प्रभावना करते हुए सनावद में आगमन हुआ है। इस मौके पर सलित जैन, कमलेश भूच, धीरेंद्र बाकलीवाल, शुभम जैन, राकेश जैन तथा समाजजन विशेष रूप से उपस्थित रहे थे ।



# बड़वाह में विश्व महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित

**बड़वाह, निप्र।** कस्तूरबा महिला मंडल बड़वाह द्वारा नूतन उच्च. माध्य. विद्यालय परिसर बड़वाह में विश्व महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी कणिका डोसी की अध्यक्षता एवं न्यायाधीश प्रीति जैन के मुख्यआतिथ्य की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। संस्था के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन शोभारानी पाटनी ने किया। कार्यक्रम में मनोरंजक एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका तनुबाला जैन एवं रमा बर्वे का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था की संरक्षक विजय पारख,अध्यक्षा सुशीला सेठिया, उपाध्यक्ष जतन भंडारी,सचिव विजयश्री जैन, कोषाध्यक्ष निर्मला मेहता, सह कोषाध्यक्ष विभा गुप्ता,सह सचिव शोभरानी पाटनी, प्राचार्या शैल जैन,सुशीला सेठिया सहित समस्त सदस्याएं एवं स्कूल की महिला शिक्षिका उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या शैल जैन एवं आभार प्रदर्शन सुशीला सेठिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में पदाधिकारी के सौजन्य से सहभोज की व्यवस्था भी की गई थी।

**भाजपा महिला मोर्चा ने सशक्तिकरण पर की चर्चा**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस स्टेशन पर महिलाओं ने समाज में अपनी भूमिका, चुनौतियों और सशक्तिकरण पर आवाज़ उठाई। विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाओं ने कहा कि अब समय आ गया है जब वे घरेलू जिम्मेदारियों के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी बराबरी का अधिकार प्राप्त करें पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धनलक्ष्मी शर्मा ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने कहा कि उनकी ताकत एकजुटता में है और अत्याचार, असमानता तथा हिंसा के खिलाफ आवाज़ उठाना अब उनकी मजबूरी नहीं, बल्कि अधिकार है।

# आशा और पर्यवेक्षकों को तीन माह से नहीं मिला मानदेय, मांगी एक मुश्त राशि



**खरगोन, निप्र।** जिले में आशा और पर्यवेक्षकों को पिछले 3 माह से मानदेय और प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है, जिससे उनमें भारी आक्रोश देखा जा है। सोमवार को बड़ी संख्या में आशा और पर्यवेक्षक कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री के नाम सौप ज्ञापन में एकमुश्त बकाया राशि जारी करने की मांग की। आशा, उषा और आशा सहयोगिनी संघ जिलाध्यक्ष ने बताया कि आशा को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समय से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही किया जा रहा है। ज्यादातर आशाओं के पास परिवार के पालन. पोषण का सहारा मानदेय है, वह भी समय से नही मिलने के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। सीएम ने 5 तारीख तक मानदेय की घोषणा की है, लेकिन यहां तो तीन माह से मानदेय नही मिल है। आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से उनकी रुकी हुई प्रोत्साहन राशि जल्द से जल्द दिलाए जाने की मांग की है।

**एक नजर में** — अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुभाष यादव डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला

# महिला सशक्तिकरण के लिए समाज के प्रयास जरूरी : दमयंती यादव

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** सुभाष यादव डिग्री महाविद्यालय, बोरावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आज सोमवार 2026 को प्राचार्य डॉ. एन. पी. मिश्रा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विद्यार्थियों को जागरूक करना था। समाज के निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण - सीमा जोशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीमा जोशी, सदस्य बाल कल्याण समिति खरगोन उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार मानव जीवन को जीवित रखने के लिए जल, वायु और भोजन आवश्यक होते हैं, उसी प्रकार समाज की प्रगति और संतुलन के लिए महिलाओं का योगदान अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ ही संतति की परंपरा को आगे बढ़ाने का आधार हैं, फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक समाज तक कई बार महिलाओं को उपेक्षा और असमानता का सामना करना पड़ा है। इसलिए आवश्यक है कि समाज में महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान किए जाएँ।

**महिला सशक्तिकरण पर अध्यक्षीय उद्बोधन:-** कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाब बाई यादव स्मृति ट्रस्ट की ट्रस्टी श्रीमती दमयंती यादव ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारत में महिला सशक्तिकरण की शुरुआत 19वीं शताब्दी के सामाजिक और धार्मिक सुधार आंदोलनों से हुई थी। उस समय समाज सुधारकों ने महिलाओं की शिक्षा, अधिकार और सम्मान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

इस अवसर पर क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. सावन धनगर द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य और महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में प्रो. रानू यादव ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती गिरिजा यादव, श्रीमती हेमलता यादव, प्रो. दिव्या यादव, डॉ. मोनिका सिंघल सहित महाविद्यालय का महिला स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। सभी ने महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।